छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल

(फार्मेसी अधिनियम-1948 की धारा 19 के तहत गठित)

(छ.ग. शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन सांविधिक निकाय)

पता: महामारी संस्थान भवन,पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय परिसर ,
उपरवारा, सेक्टर-40, अटल नगर, नवा रायपुर (छ. ग.) 493661.

फ़ोन: 0771-2444591, मो.न. 9425505779, ईमेल:-cspcraipur@gmail.comवेबसाईट:- www.cspc.in

पत्र क्रमांक / सी.जी. / फार्मा / 2026 /

रायपुर, दिनांक : / / 2026

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक रायपुर, 06 नवंबर 2026

स्वस्थ भारत मिशन के अंतर्गत विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं 65वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का भव्य समापन

फार्मासिस्ट ही स्वस्थ भारत की रीढ़ — AMR और ADR से लड़ाई का लिया संकल्प, 1200 फार्मासिस्टों ने की शिरकत, विजेता विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित।

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2026 का भव्य समापन समारोह दिनांक 05 नवम्बर 2026 दिन गुरूवार को राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। स्वस्थ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फार्मासिस्ट के महत्व, उसकी उपयोगिता, औषधियों के दुष्प्रभावों (ADR) को नियंत्रित करने, एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (AMR) से देश को बचाने तथा छात्रों में जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना पैदा करना था।

कार्यक्रम में प्रदेशभर के 70 से अधिक फार्मेसी महाविद्यालयों के, प्राचार्यगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया साथ ही विभिन्न श्रेणी के जैसे कम्युनिटी फार्मासिस्ट, हॉस्पिटल फार्मासिस्ट इस तरह 1500 जन समूह से पूरा ऑडिटोरियम फार्मेसी के रंग में रंगा नजर आया। मंच पर फार्मासिस्टों के जोश और विद्यार्थियों के उत्साह ने यह सिद्ध कर दिया कि छत्तीसगढ़ का फार्मासिस्ट अब केवल दवा वितरक नहीं, बल्कि जन स्वास्थ्य का सच्चा प्रहरी बन चुका है।

सुबह 10 बजे हुआ उद्घाटन सत्र

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री गुरु खुशवंत सिंह साहब को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। फार्मेसी महाविद्यालय उन्हीं के विभाग के अंतर्गत संचालित होते हैं, इसलिए उनका इस कार्यक्रम में आना फार्मासिस्टों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था। मंत्री महोदय ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा आयोजकों को बधाई दी। माननीय मंत्री जी ने सभा को बताया कि अपनी अत्यंत व्यस्तता एवं पूर्व निर्धारित शासकीय कार्यक्रमों के कारण माननीय मुख्यमंत्री जी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके, किंतु उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से आम जनता को बहुत फायदा होगा और फार्मासिस्टों की भूमिका को समाज में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोंटू भाई पटेल ने भी अपने संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ में आयोजित यह कार्यक्रम देशभर के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने जिस प्रकार से कॉलेज स्तर से लेकर राज्य स्तर तक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट ही वह कड़ी है जो डॉक्टर, मरीज और दवा को जोड़ती है।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कंट्रोलर श्री दीपक अग्रवाल।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कंट्रोलर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री दीपक कुमार अग्रवाल जी (IAS) पधारे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि फार्मेसी और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का रिश्ता शरीर और आत्मा का है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को सही दवा, सही गुणवत्ता की दवा मिले, यह सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने फार्मासिस्टों से आह्वान किया कि बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के कोई दुकान न चले, बिना पर्ची के एंटीबायोटिक न दिया जाए और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोका जाए। उन्होंने कहा कि AMR आज विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है और इसे रोकने में फार्मासिस्ट की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

कॉलेज स्तर से राज्य स्तर तक हुई प्रतियोगिताएं

इस वर्ष राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अंतर्गत पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कॉलेज स्तर पर पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, वाद-विवाद, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन

प्रतियोगिताओं में हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज स्तर पर चयनित श्रेष्ठ विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

31 अक्टूबर को रायपुर में मरीन ड्राइव से शंकर नगर तक AMR जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं फार्मासिस्टों ने हाथों में तख्तियां लेकर जनता को जागरूक किया। रैली का मुख्य संदेश था — एंटीबायोटिक को जरूरत पर ही लें, अधूरा कोर्स न छोड़ें, बिना पर्ची के एंटीबायोटिक न लें।

समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि श्री दीपक कुमार अग्रवाल जी के हाथों पुरस्कार, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे और पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष श्री अरुण कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवा बेचने वाला नहीं है, वह एक ड्रग एक्सपर्ट, पेशेंट काउंसलर और पब्लिक हेल्थ वॉरियर है। उन्होंने कहा कि जब कोई गरीब मां अपने बीमार बच्चे को लेकर रात को मेडिकल स्टोर पर आती है, तो फार्मासिस्ट ही उसके लिए पहला डॉक्टर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे डिग्री के साथ-साथ नैतिकता और सेवा भाव को भी अपने जीवन में उतारें। काउंसिल के रजिस्ट्रार श्री अश्वनी गुरडेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि काउंसिल पंजीकरण, नवीनीकरण एवं फार्मासिस्टों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि काउंसिल का कार्यालय अब नवा रायपुर, अटल नगर के नवीन भवन में स्थानांतरित हो गया है, जहां और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने तीन संकल्प दिलाए — बिना फार्मासिस्ट के दुकान नहीं, बिना पर्ची के एंटीबायोटिक नहीं, नशीली दवाओं को ना। उपाध्यक्ष श्री राहुल तिवारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

डॉ. आनंद महलवार एवं डॉ. चंचल दीप कौर का विशेष योगदान

इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि एवं काउंसिल के सदस्य डॉ. आनंद महलवार तथा काउंसिल की सदस्य डॉ. चंचल दीप कौर का विशेष योगदान रहा। उन्हीं के समन्वय एवं मार्गदर्शन में प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों की ओर से प्रतियोगिताएं सुचारू रूप से संपन्न हो सकीं। महाविद्यालयों के प्राचार्यगणों ने भी अपने-अपने स्तर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया, जिसके फलस्वरूप यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

काउंसिल के अन्य सदस्यगण श्री विजय पारख, श्री निकेश देवांगन, श्री हितानंद अग्रवाल, श्री परमानंद पटेल, की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।

ADR और AMR पर दिया गया विशेष जोर

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि औषधियों के दुष्प्रभाव (Adverse Drug Reaction) की रिपोर्टिंग करना फार्मासिस्ट का कर्तव्य है। यदि किसी मरीज को दवा से कोई नुकसान होता है, तो उसकी सूचना फार्माकोविजिलेंस केंद्र को देना चाहिए। इसी प्रकार AMR से बचने के लिए एंटीबायोटिक का विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। फार्मासिस्टों को मरीजों को समझाना चाहिए कि एंटीबायोटिक सर्दी-खांसी, वायरल बुखार में काम नहीं करता।

भविष्य में भी होंगे ऐसे आयोजन

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार श्री अश्वनी गुर्देकर ने दिया। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह समाप्त हो रहा है, लेकिन हमारा संकल्प समाप्त नहीं हो रहा। भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे फार्मासिस्टों को नई ऊर्जा मिलेगी और आम जनता को लाभ होगा। उन्होंने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, सभी सदस्यों, प्राचार्यगण, विद्यार्थियों, आयोजन समिति, वॉलिंटियर्स, मीडिया एवं ऑडिटोरियम प्रबंधन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं Think Health, Think Pharmacist — स्वस्थ भारत, समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ हुआ।

सादर प्रकाशनार्थ

6/11/2026

अश्वनी गुर्देकर
रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउन्सिल


in Association with
Chhattisgarh State Pharmacy Council, Raipur
Proudly Celebrating
State-Level Celebration
WORLD PHARMACISTS DAY
&
NATIONAL PHARMACY WEEK-2026
Under the AMR Awareness Mission of the Pharmacy Council of India
Theme: स्वस्थ भारत: Combating Antimicrobial Resistance
5th November 2026
Venue : Pt. Deendayal Upadhyay Auditorium Raipur, Chhattisgarh




Pharmacy Council of India, New Delhi
in Association with
Chhattisgarh State Pharmacy Council, Raipur
Proudly Celebrating
State-Level Celebration
WORLD PHARMACISTS DAY
&
NATIONAL PHARMACY WEEK-2026
Under the AMR Awareness Mission of the Pharmacy Council of India
Theme: स्वस्थ भारत: Combating Antimicrobial Resistance
5th November 2026
Venue : Pt. Deendayal Upadhyay Auditorium Raipur, Chhattisgarh
Pharmacy Council of India, New Delhi in Association with
Chhattisgarh State Pharmacy Council, Raipur

Pharmacy Council of India, New Delhi
in Association with
Chhattisgarh State Pharmacy Council, Raipur
Proudly Celebrating

State-Level Celebration

WORLD PHARMACISTS DAY
&
NATIONAL PHARMACY WEEK-2026

Under the AMR Awareness Mission of the Pharmacy Council of India

Theme: स्वस्थ भारत: Combating Antimicrobial Resistance

5th November 2026

Venue : Pt. Deendayal Upadhyay Auditorium Raipur, Chhattisgarh




Pharmacy Council of India, New Delhi
in Association with
Chhattisgarh State Pharmacy Council, Raipur
Proudly Celebrating
State-Level Celebration
WORLD PHARMACISTS DAY
&
NATIONAL PHARMACY WEEK-2026
Under the AMR Awareness Mission of the Pharmacy Council of India
Theme: स्वस्थ भारत: Combating Antimicrobial Resistance